सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 299 | इंदौर, शनिवार 11 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Bihar : दो बच्चों के साथ पत्नी और सास को मार डाला, आंखों के सामने पिता का रूप देख दो बच्चों ने अपनी जान बचाई**
2. **PM Modi: 'वो कहते हैं कि संभल कर चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है', पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला**
3. **Arvind Kejriwal: हनुमान मंदिर में सीएम केजरीवाल करेंगे पूजा-अर्चना, एक बजे पीसी और शाम को होगा रोड शो**
4. **Solar Storm: शक्तिशाली सौर तूफान धरती से टकराया, संचार उपग्रह और पावर ग्रिड्स को हो सकता है नुकसान**
5. **Israel: फलस्तीन की सदस्यता वाले प्रस्ताव पर भड़का इस्राइल, राजदूत ने सभा में यूएन चार्टर के किए टुकड़े-टुकड़े**

दर्दनाक हादसा

# 6 लोगों की मौत

## मुंडन करवाकर लौट रहे थे, 6 माह का बच्चा वेंटिलेटर पर

### भैरव घाटी पर रेलिंग में घुसी थी तेज रफ्तार कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। देवी धाम सलकनपुर से 6 महीने के बच्चे का मुंडन और तुलादान कराकर लौट रहे भोपाल के परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। भैरव घाटी पर हुए हादसे में दादा-दादी समेत परिवार के 5 लोगों समेत ड्राइवर की मौत हो गई। पोते समेत 6 लोग घायल हैं। बच्चा वेंटिलेटर पर है। उसे रेनबो हॉस्पिटल, भोपाल में भर्ती कराया गया है।**

भोपाल में डीआईजी बंगला इलाके के चौकसे नगर के रहने वाले राजेंद्र पांडेय (75) का परिवार आइसक्रीम कारोबारी हैं। शुक्रवार को उनके 6 महीने के पोते व्योम का मुंडन कराने के लिए परिवार के 10 लोग टवेरा कार से सलकनपुर गए थे।

शुक्रवार शाम 6.20 बजे भैरव घाटी पर कार रेलिंग की दीवार से



टकराकर पलट गई। टवेरा में पीछे बैठे बच्चे के पिता मोहित पांडेय ने बताया कि ड्राइवर घाटी के मोड़ पर गाड़ी मोड़ नहीं पाया। गाड़ी सीधे रेलिंग की दीवार से टकरा गई।

### पीएम रूम तक परिजन ने धकेला स्ट्रेचर

शारदा प्रसाद, राजेंद्र और ड्राइवर लक्ष्मी नारायण के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए रेहटी लाया गया। शारदा, उषा और पुष्पलता के शव नर्मदापुरम जिला अस्पताल लाए गए। तीनों महिलाओं के शव जिला अस्पताल परिसर से पोस्टमॉर्टम रूम तक ले जाने के लिए परिजन को ही स्ट्रेचर धकेलना पड़ा। वार्ड बॉय नहीं मिला।

### राम - लक्ष्मण की तरह थे दोनों भाई

शारदा और राजेंद्र की बहन कृष्णा दीक्षित ने कहा, 'दोनों भाई राम - लक्ष्मण की तरह थे। परिवार में सबसे बड़े शारदा पांडेय जैसा कहते थे, वैसा होता था। आज के जमाने में भी हमारी 22 लोगों की फैमिली साथ रहती है। भाभी अपर्णा और उषा में जेठानी-देवरानी का रिश्ता होने के बावजूद बहनों की तरह रहती थीं। बड़े भाई अगर कोई कपड़ा भी खरीदकर लाते थे तो छोटे भाई उसे अपना लेते थे। मना नहीं करते थे कि नहीं पहनना।'

### हादसे में इन्होंने गंवाई जान

शारदा प्रसाद पांडेय (72) अपर्णा पांडेय (60) पत्नी शारदा प्रसाद राजेंद्र पांडेय (70) उषा पांडेय पत्नी राजेंद्र रिश्तेदार पुष्पलता अवस्थी (85) ड्राइवर लक्ष्मी नारायण चौकसे

### ये हुए घायल

मोहित पांडेय (35) शिखा पांडेय (32) पति मोहित व्योम (6 माह) पिता मोहित मोनिका पांडेय (33) पिता राजेंद्र ज्योति वाजपेयी (40) पति भरत पांडेय गायत्री पांडेय (45) पति स्व. विशेष प्रसाद पांडेय

# एमपी में चौथे चरण की 8 सीटों पर थमेगा प्रचार

## देवास लोकसभा क्षेत्र में पटवारी की 3 सभाएं, सीएम रतलाम में करेंगे रोड शो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । लोकसभा इलेक्शन के चौथे चरण में मध्यप्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर आज शाम 6 बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। इन आठ सीटों पर 13 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। चरण में शामिल 8 लोकसभा सीट देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगोन (अजजा) एवं खंडवा में 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का खत्म होने के 48 घंटे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के उन व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा।

### पटवारी देवास सीट पर तीन सभाएं करेंगे

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज पीसीसी चीफ जीतू पटवारी शनिवार देवास संसदीय क्षेत्र पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के साथ तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। हाटपिपल्या विधानसभा के बड़ा टिगरिया में सुबह 11 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर एक बजे आष्टा विधानसभा के गांव मैना और 3 बजे कालापीपल में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### मंदसौर सीट पर प्रचार करेंगे दिग्विजय

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह मंदसौर लोकसभा क्षेत्र के शामगढ़ से सुबह 11.30 बले रवाना होकर 12.00 बजे गरोठ पहुंचेंगे। यहां आमसभा को संबोधित करने के बाद सीतामऊ में दो बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4 बजे जावरा में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद शाम भोपाल के लिए रवाना होगे।

### CM डॉ. मोहन यादव रतलाम में करेंगे रोड शो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रतलाम एवं इंदौर लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10.10 बजे रतलाम में रोड शो में शामिल होंगे। दोपहर 12.15 बजे जावरा में रोड शो, दोपहर 1.20 बजे इंदौर लोकसभा क्षेत्र के देपालपुर विधानसभा के बेटमा में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.30 बजे इंदौर में रोड शो में शामिल होकर बीजेपी प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगेगे।

### वीडी शर्मा- धार, देवास

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा धार एवं देवास लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 11 बजे धार लोकसभा क्षेत्र के सरदारपुर विधानसभा के मोहनखेड़ा में आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे देवास लोकसभा क्षेत्र के आगर में छावनी नाका से बस स्टैंड तक रोड शो में शामिल होकर बीजेपी प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगेंगे। शाम 6 बजे नलखेड़ा में मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन एवं पूजन करेंगे।

### शिवराज सिंह चौहान- उज्जैन

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। सुबह 11 बजे उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के नागदा विधानसभा के खाचरोद में जनसभा, दोपहर 12 बजे आलोट में जनसभा एवं दोपहर 2 बजे तराना विधानसभा के माकडोन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

... विजयवर्गीय का औवैसी पर पलटवार

# हम परशुराम के वंशज कोई एक आंख की तरफ देखे, हम दोनों निकाल लेते है

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर/महू। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के महू में ओवैसी भाइयों के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि कोई हमारी एक आंख की तरफ देखता है तो हम उसकी दोनों आंख निकाल लेते हैं। विजयवर्गीय ने संदेशखाली में हो रही घटनाओं को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां जिन महिलाओं पर अत्याचार हुए हैं उसकी बद्दुआ ममताजी को मिलने वाली है। विजयवर्गीय शुक्रवार दोपहर परशुराम जयंती के अवसर पर महू स्थित परशुराम जन्मस्थली जनापाव पहुंचे थे।**

### ओवैसी के बयान पर कहा, हम भी परशुराम के वंशज

मीडिया से चर्चा करते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि ह्लजिस प्रकार का बयान ओवैसी के भाई ने दिया था। वो पूरे हिंदू समाज का अपमान था। वो याद रखें कि हम भी महाराणा प्रताप के वंशज है। हम भी परशुराम के वंशज हैं। हम भी शिवाजी के वंशज हैं। कोई एक आंख की तरफ देखता है, हम उसकी दोनों आंख निकाल लेते हैं।

असदुद्दीन ओवैसी ने अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा के 15 सेकंड वाले बयान पर एक बार फिर तगड़ा



पलटवार किया है। ओवैसी ने कहा कि मोहतरमा (नवनीत राणा) छोटे (अकबरुद्दीन) को बहुत समझा के रखा है छोड़ दूं क्या? और अगर छोटे को एक बार छोड़ दिया ना तो वह मेरे अलावा किसी की नहीं सुनेगा। 2 दिन बचे हैं छोड़ दूं? इससे पहले ओवैसी ने कहा था कि मैं मोदीजी से कह रहा हूं 15 सेकंड नहीं बल्कि 1 घंटा दीजिए। हम डरने वाले नहीं हैं। हम भी देखना चाहते हैं कि आप में कितनी इंसानियत बाकी है। बता दें कि नवनीत राणा ने कहा था कि 15 सेकंड के लिए पुलिस को हटा लो फिर ओवैसी भाईयों को पता नहीं लगेगा कि वो कहां से आए किधर गए।

### भूरिया पर कसा तंज

रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के दो पत्नी को दो लाख रुपए देने के बयान पर विजयवर्गीय ने कहा कि भूरियाजी की उम्र 70 पार हो चुकी है। बच्चे और बुजुर्ग की बातों का बुरा नहीं माना जाता।

### संदेशखाली पर ममता को घेरा

विजयवर्गीय ने संदेशखाली को लेकर कहा कि मैं बंगाल में 6 साल रहा हूं। बंगाल में क्या होता है, अच्छी तरह जानता हूं। वहां पीड़ित महिला को धमकाया गया है। उस पर इतना दबाव डाला गया कि उसने शिकायत वापस ले ली। अगर वह शिकायत वापस नहीं लेती तो उसके पति की हत्या कर दी जाती। राहुल गांधी 5 दिन बंगाल में रहकर देखें वहां क्या स्थिति है। संदेशखाली में जो अत्याचार हुआ उसकी सजा, बद्दुआ ममताजी को मिलेगी। बंगाल में ममताजी, कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

### इंदौर में नोटा के प्रचार पर बोले- रिकॉर्ड जीत दर्ज करेंगे

इंदौर में कांग्रेस द्वारा नोटा के प्रचार अभियान को लेकर विजयवर्गीय ने कहा कि प्रचार से कुछ भी नहीं होता। परिणाम से होता है। इंदौर से हमें रिकॉर्ड जीत मिलेगी और अब अक्षय जी हमारे साथ है तो तो सवाल ही नहीं उठता।

# निगम ने चैम्बरों के रखरखाव का काम ठेके पर देने का मन बनाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर । नगर निगम के द्वारा एक और महत्वपूर्ण कार्य को निजी क्षेत्र को ठेके पर देने की तैयारी कर ली गई है । तय किया जा रहा है की नगर निगम के द्वारा सीवरेज की लाइन और चैंबरों के रखरखाव का काम 5 साल के लिए ठेके पर दिया जाएगा । ठेके पर लेने वाली कम्पनी शहर की सभी सिवरेज लाइन और चैम्बरों का रखरखाव और साफ तथा चौक होने पर सफाई आदि कार्य करना होगा। ठेके के लिए निगम ने टैंडर प्रक्रिया शुरु कर दी है।**

शहर में विभिन्न प्रमुख मार्ग से लेकर कॉलोनी तक आए दिन सीवरेज के चेंबर चौक हो जाते हैं । जिसके चलते हुए सड़क पर सीवरेज का गंदा पानी बहता हुआ नजर आता है । इसके कारण उस सड़क से निकलने वाले लोगों को बदबू का एहसास होता है । इसके साथ ही पूरा वातावरण भी दूषित होता है । नगर निगम के पास कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकलता है । निगम के द्वारा सीवरेज के चौक हुए चैंबर को सही करने का काम कई दिनों और कई बार तो महीना में किया जाता है । इसके परिणाम स्वरुप नागरिक परेशान होते रहते हैं और वातावरण दूषित होता रहता है ।

इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम के द्वारा अब इस पूरे काम को ठेके पर देने की तैयारी कर ली गई है । निगम की ओर से पूरे शहर को 4 सेक्टर में बांटा गया है । हर सेक्टर में करीब 22 वार्ड लिए गए हैं । पूरे शहर में 85 वार्ड है । इन सभी वार्ड में सीवरेज की लाइन का मेंटेनेंस करने और सीवरेज के चेंबर की साफ सफाई करने का कार्य ठेके पर दिया जा रहा है । यह ठेका 5 साल की अवधि के लिए है । इसके लिए निगम के द्वारा टेंडर जारी कर दिए गए हैं । इस टेंडर के माध्यम से निजी क्षेत्र की एजेंसी को यह कार्य सौंप दिया जाएगा । इस तरह से नगर निगम के द्वारा एक और महत्वपूर्ण कार्य से अपनी जिम्मेदारियां समाप्त करते हुए उसे निजी क्षेत्र के भरोसे सौपा जा रहा है ।

गीता भवन चौराहे के पास में पिछले 2 महीने से सीवरेज का पानी सड़क पर बह रहा है । चैंबर चौंक पड़ा हुआ है । नगर निगम के द्वारा इसे सुधारने और सही करने का काम करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई । हाल ही में एक सप्ताह पूर्व इस काम को निगम के द्वारा अपने हाथ में लिया गया है लेकिन अभी यह काम पूरा नहीं हुआ है ।




### वाहनों के दुरूपयोग को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने 13 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान वाले दिन वाहनों के दुरूपयोग को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शों एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत इन्दौर जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में आने वाली विधानसभा क्षेत्रों में वाहनों के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार मतदान दिवस को भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अभ्यर्थी स्वयं के उपयोग हेतु एक वाहन, एक वाहन निर्वाचन अभिकर्ता के लिये तथा एक अन्य वाहन कार्यकर्ता आदि के लिये इस प्रकार एक अभ्यर्थी द्वारा कुल तीन वाहनों का उपयोग किया जा सकेगा। इसके लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से अनुमति प्राप्त करना होगी। इसके अतिरिक्त अन्य वाहनों का उपयोग निर्वाचन क्षेत्र में नहीं किया जायेगा। उपरोक्तानुसार अनुमति प्राप्त कर उपयोग में लाये जा रहे वाहन की विण्ड स्क्रीन पर अनुमति चस्पा/प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

## दो दिन में दो ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने 7 साल के बच्चे का पैर कटने से बचाया

### दुर्घटना में घायल बच्चे को सफल ऑपरेशन से मिली नई जिंदगी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** इंडेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में डॉक्टरों ने 7 साल के बच्चे का पैर कटने से बचा लिया। देवास के पास स्थित गांव डाबरी में सड़क हादसे में 7 वर्षीय मरीज का पैर फैक्चर होने के साथ गंभीर घाव हो गए। उसे डॉक्टरों ने इंदौर अस्पताल में इलाज करने की सलाह दी, लेकिन यहां डॉक्टरों ने बच्चे का पैर काटने की सलाह दी। इसके बाद मरीज अभिभावक उसे इंडेक्स हॉस्पिटल ले आए। दो दिन में दो ऑपरेशन कर बच्चे के गंभीर घाव के साथ उसके पैर के फ्रैक्चर को भी डॉक्टरों की टीम ने ठीक किया और उसका पैर काटने से बचा लिया। इंडेक्स हॉस्पिटल के जॉइंट रिप्लेसमेंट एंड आथोर्पैडिक सर्जन लेफ्टिनेंट डॉ. अजय सिंह ठाकुर और उनकी टीम ने सफल ऑपरेशन के बाद ने 7 साल के बच्चे को नई जिंदगी दी। डॉक्टरों के मुताबिक घाव भरने में थोड़ा समय लगेगा, जिसके बाद बच्चा पूरी तरह सामान्य हो जाएगा।

## चाचा नेहरू हॉस्पिटल में किया कैम्प

### 50 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चो ने की मौज मस्ती

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** थैलीसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप इंदौर ने डॉ. रजनी भंडारी के नेतृत्व में और डॉ. प्रीति मालपानी के मुख्य आतिथ्य में चाचा नेहरू हॉस्पिटल में 8 मई - थैलीसीमिया डे पर एक कैम्प आयोजित किया, इसमें पचास बच्चों ने भाग लिया। ग्रुप की संध्या पंचायती और प्रेरणा शेन्तरे ने बच्चों को मनोरंजक खेल खिलाए और विजेताओं को उपहार दिये । इस अवसर पर सभी 50 बालको को भोजन के पैकेट और लंच बॉक्स भी वितरित किए गए । साथ ही हॉस्पिटल को दस चेयर्स भी ग्रुप द्वारा भेट की गई । डॉ मालपानी ने बोन मैरो ट्रांस्प्लांट के बारे में जानकारी दी । डॉ. रजनी भंडारी के सभी को रक्त जाच करवाने की आवश्यकता बताते हुए उनको शपथ भी दिलवाई ।समस्त स्टाफ का भी सम्मान भी किया गया । ग्रुप की पूर्णिमा राउत ,चन्दा शर्मा, सीमा कोटेस्थेन, फिरदौस नाहिद ,कांता अग्रवाल, पदमा विजयवर्गीय सुनीता सक्सेना आदि सदस्य उपस्थित थी ।

## आज परशुराम यशोगाथा का अनूठा आयोजन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में पहली बार परशुराम यशोगाथा का अनूठा आयोजन शनिवार 11 मई को रात 8 बजे से विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर होगा। न्यास के पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि चार धाम मंदिर उज्जैन के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री शांतिस्वरूपानंद गिरि के सानिध्य में राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण शर्मा सत्तन प्रमुख वक्ता के रूप में भगवान परशुराम से जुड़ी यशोगाथा का प्रेरक और भावपूर्ण विवरण प्रस्तुत करेंगे। डॉ. विनायक पांडे प्रस्तावना रखेंगे और डॉ. हेमंत शर्मा सहवक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। शहर में परशुराम जयंती महोत्सव की श्रृंखला में हो रहे अनुष्ठानों में यह सबसे अनूठा और वांगमय अनुष्ठान होगा।

# चार कंपनियों के करोड़ों के घोटाले में लिप्त आरोपी ...

## यूपी के एटा से अभय राठौर गिरफ्त में, 25 हजार का इनामी रिश्तेदारों के यहां छिपा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम में फर्जी बिल घोटाले में फरार 25 हजार रु. के इनामी आरोपी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अभय राठौर को पुलिस ने एटा (उप्र) से गिरफ्तार किया है। वह एटा में अपने रिश्तेदारों के यहां छिपा था। वह इस पूरे घोटाले का मास्टर माइंड है। उसकी चार कंपनियों द्वारा किए गए करोड़ों के घपले में लिप्त है। पुलिस को उम्मीद है कि उससे और भी खुलासे होंगे और नए आरोपियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। पुलिस आज इसका खुलासा करेगी। पंकज पाण्डे (डीसीपी-जोन-3) ने इसकी पुष्टि की है।**

पुलिस ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली कि उसके बेटे का उप्र में ससुराल है। इसके साथ ही अन्य रिश्तेदार भी उप्र के कई शहरों में है। इस पर पुलिस ने सूत्र तलाशे और एटा में एक मकान पर पहुंची। यहां राठौर मिला तो उसने पुलिस ने हुज्जत करने की कोशिश की। फिर गिरफ्तारी वारंट दिखाने को कहा तो पुलिस ने दिखाया और गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके रिश्तेदारों ने वहां दबाव-प्रभाव बनाने की कोशिश की लेकिन एक नहीं चली।

दरअसल राठौर को लेकर कोई मजबूत सूत्र नहीं मिल रहा था। इस पर पुलिस उसके एक नजदीकी व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ की। इसमें उसके पास राठौर का एक मोबाइल नंबर मिला। वह यह नंबर बहुत कम लोगों के लिए उपयोग करता है। इस आधार पर पुलिस ने उसकी लोकेशन निकाली और एटा पहुंच गई। राठौर के क्षितिज इंटरप्राइजेस, जाह्नवी कंस्ट्रक्शन, किंग कंस्ट्रक्शन, ग्रीन कन्स्ट्रक्शन, क्रिस्टल और ईश्वर इंटरप्राइजेस के डायरेक्टरों (ठेकेदारों) से मिलीभगत रही है। इन लोगों ने फर्जी बिल पेश कर नगर निगम को करोड़ों का चूना लगाया।

मामले में पुलिस अब तक राठौर सहित नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें से ठेकेदार मो. साजिद, रेणु वडेरा, सब इंजीनियर उदय सिसौदिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर चेतन भदौरिया और कर्मचारी मुरलीधर जेल जा चुके हैं। आरोपी ठेकेदार आरोपी ठेकेदार मो. सिद्धीकी (ग्रीन कंस्ट्रक्शन इंजीनियर), इमरान खान (क्रिस्टल इंटरप्राइजेस) और मौसम व्यास (ईश्वर इंटरप्राइजेस) फरार हैं। इन पर इनाम घोषित है। तीन आरोपी ठेकेदार मो. जाकिर, राहुल वडेरा और कैशियर राजकुमार साल्वी का शुक्रवार को कोर्ट ने दो दिन का रिमांड बढ़ाया है। इनसे घोटाले के सबूत जुटाए जा रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव- कमिश्नर ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने पूरी तैयारियां कर ली है। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर ने अफसरों की बैठक ली,मतदान के पहले संवेदनशील इलाकों में पुलिस की काम्बिंग गश्त भी की जा रही है। पुलिस टीम सडकों पर उतरकर गश्त कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी कर रही है। कमिश्नर ने कहा कि चुनाव को लेकर पुलिस टीम अलर्ट है किसी भी विघ्नसंतोषी को बख्शा नहीं जाएगा।**

लोकसभा चुनाव-24 के निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एंव निष्पक्ष मतदान व चुनाव प्रक्रिया हेतु पुलिस चाक चौबंद व्यवस्था के साथ है, हर परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीम अलर्ट है। लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं पारदर्शी निर्वाचन तथा इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता द्वारा नगरीय पुलिस के दोनों एडिशनल सीपी, सभी डीसीपी,एडिशनल डीसीपी, एसीपी सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों की एक बैठक शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में ली गई। जिसमे सभी को इन्दौर शहर में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष , भयमुक्त एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए चाक-चौबंद इंतजाम कर पूरी तरह से तैयार रहकर कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने चुनाव को देखते हुए काम्बिंग गश्त शुरु कर दी है। शुक्रवार को खजराना इलाके में पुलिस ने काम्बिंग गश्त की। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्रसिंह ने पुलिस टीम के साथ संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च निकाला। उन्होंने रहवासियों से अपील की है कि यदि मतदान के दौरान कोई उन्हें डराने धमकाने की कोशिश करे या किसी भी तरह की गड़बड़ी करे तो वे तत्काल पुलिस को सूचना दें। मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों को सलाखों के पीछे कर दिया जाएगा। उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुछ असमाजिक तत्वों को भी पकड़ा गया है उन पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में केस दर्ज किए जा रहे हैं। खजराना इलाके के साथ ही पुलिस के पैदल मार्च शहर के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी निकाले जा रहे हैं। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अतिरिक्त बल भी तैनात किया जा रहा है।

## डायल 100 के पर्यवेक्षक और पायलट के बीच विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। डायल 100 के पर्यवेक्षक को गाड़ी के पायलट ने गालियां और धमकी दी। नाराज पर्यवेक्षक ने थाने जाकर पायलट के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। विजयनगर पुलिस के मुताबिक योगेश कुमार श्रीवास्तव की शिकायत पर डायल 100 गाड़ी के पायलेट अजय बसवार निवासी न्यू देवास रोड के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। योगेश ने अपनी शिकायत में बताया कि वह डायल 100 में पर्यवेक्षक हैं। शाम से रात तक लगातार अजय ने कई कॉल किए। उसने कहा कि उसकी ड्यूटी का समय खत्म हो गया है। दूसरा पायलट गाड़ी पर भेजो नहीं तो गाड़ी को ऑफ रोड कर दूंगा और थाने में जाकर शिकायत करूंगा। रात करीब 10 बजे अजय को कॉल कर समझाने की कोशिश की तो वह गुस्सा हो गया और गालियां देने लगा। उसने जान से मारने की धमकी दी। गुरुवार को पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज किया है।

## शराबी की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक शराबी पेंटर की संदिग्ध मौत हो गई। संतोष पिता रूपसिंह निवासी बिचौली मर्दाना के शव का एमवाय अस्पताल में पीएम हुआ। वह शराब पीने का आदी था। वह गुरूवार शाम को घर से निकल गया था इसके बाद वह बिचौली मर्दाना क्षेत्र में नाली में पड़ा हुआ मिला। उसे पास के अस्पताल लेकर गए तो वहां के डाक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया जहां डाक्टरों ने उसे मृत बता दिया उसके पैरों में जलने और चोंट के निशान हैं आशंका है कि या तो किसी वाहन ने उसे टक्कर मारी होगी या फिर किसी ने मारपीट की होगी।

## दो लाख की ब्राउन शुगर पकड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने एक आटो में ले जाई जा रही दो लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ कर ये पता लगाया जा रहा है कि वे ये ब्राउन शुगर कहां से लाए थे और किसे देने वाले थे। आपरेशन प्रहार के तहत आजाद नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आटो में दो तस्कर ब्राउन शुगर लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने शांतिनगर चौराहे पर आटो को रोककर तलाशी ली तो उसमें से दो लाख की ब्राउन शुगर बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने धीरेंद्र उर्फ कदम पिता राजनाथ हिरवे,राहुल गांधी नगर और चंदन पिता संतोष दामके को 22 ग्राम ब्राउन शुगर गिरफ्तार कर लिया है। इनसे अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## पंडित पर मुर्गे से हमला करने वालों को पुलिस ने बनाया मुर्गा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बोरिंग से पानी भरने के विवाद में पंडित और उनके परिवार पर हमला करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। शुक्रवार को पुलिस चारों आरोपितों को मोहल्ले में ले गई और मुर्गा बनाया। आरोपियों ने पंडित पर जिंदा मुर्गे से ही हमला किया था। आरोपियों से उठक-बैठक लगवाई और कान पकड़ कर माफी मंगवाई। गांधीनगर पुलिस के मुताबिक घटना अरिहंत नगर में बुधवार रात की है। कालोनी में रहने वाले राजेश शर्मा, देवेंद्र ठाकुर और राकेश उर्फ कालू सम्मलित बोरिंग से पानी भरते हैं। बुधवार को राजेश की पत्नी माया का पानी भरने का नंबर था। कल्लू की पत्नी ने विवाद किया और परिचितों को बुला लिया। राकेश उर्फ कल्लू, भाई संजय, साक्षी, दिनेश आदी ने एकत्र होकर राजेश व उनके भांजे पर जानलेवा हमला कर दिया।

## युवक से 90 हजार की ऑनलाइन ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्नेह नगर में रहने वाले एक युवक के साथ 90 हजार की आन लाइन ठगी का मामला सामने आया है। जूनी इंदौर पुलिस ने केस दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपी का पता लगाना शुरु कर दिया है।**

स्नेह नगर निवासी शाहनवाज पिता शकील गौरी ने बताया कि करीब साल भर पहले फेसबुक पर एक मैसेज आया कि यदि आप हमारे वीडियो को लाइक करेंगे तो प्रति वीडियो 100 से 150 रुपए तक का प्राफिट कमा सकते हैं। शाहनवाज ने लालच में आकर इस कार्यक्रम में भाग लेने की मंजूरी दे दी। इसके बाद उसे टेलीग्राम चैनल में एड कर लिया गया। झांसे में लेकर उससे 89 हजार 900 रुपए भी खाते में ट्रांसफर करवा लिए। उसे झांसा दिया गया कि ये पैसा और प्राफिट आपके खाते में एक साथ आ जाएगा। इसके बाद उससे आन लाइन संपर्क तोड़ लिया गया। उसने कई बार फेसबुक पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया तब उसके समझ में आया कि लालच में फंसकर वह साइबर क्राइम का शिकार हो गया है। जूनी इंदौर थाने पहुंचकर उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस साइबर सेल की सहायता से ठगी करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है।

## बाइक डिवाइडर से टकराई युवक की मौत

**इंदौर।** सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। धनंजय (44) निवासी तलावली चांदा को इलाज के लिए बड़े अस्पताल लाया गया लेकिन बचाया नहीं जा सका। वह बाइक से जा रहे थे इसी दौरान लसूड़िया थाने के पास में उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में उनकी मौत ह गई। पुलिस अब मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के आयोजन में विश्लेषकों ने एकमत से कहा -

## मतदान के आंकड़े जारी करने में देरी संदेहों को जन्म देने वाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इस बार पहले चरण के मतदान के अंतिम आंकड़े को जारी करने में हुई ऐतिहासिक देरी एवं दोनों दौरों के आंकड़ों में पूर्व घोषित आंकड़े से लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि न केवल चिंताजनक है बल्कि कई संदेहों को जन्म देती है। लचर और पक्षपाती रवैए के कारण चुनाव आयोग की विश्वसनीयता में कमी आना सम्पूर्ण लोकतंत्र और देश की प्रतिष्ठा के लिए नुकसानदेह है।**

यह बातें स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित समूह चर्चा ईवीएम का ईसीजी में विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए विश्लेषकों ने व्यक्त किए। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार जयश्री पिंगले, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रामेश्वर गुप्ता एवं सोशल मीडिया इनफ्ल्यूएंसर गिरीश मालवीय ने व्यक्त किए।

पंकज शर्मा ने कहा कि आंकड़े जारी करने में अभूतपूर्व देरी और आंकड़ों का अधूरा होना चौंकाने वाला, चिंताजनक और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है। जारी आंकड़ों में छह प्रतिशत की वृद्धि ईवीएम पर संदेह पुष्ट करती है। उन्होंने कहा ईवीएम में मैनीपुलेशन संभव है, यह बात सैकड़ों वीडियो, प्रिसाइडिंग ऑफिसरों के नोट और घटनाएं दर्शाती हैं कि ईवीएम असंदिग्ध नहीं है।

पूर्व एडीएम और अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने बताया कि मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े को जारी करने में इतनी देर होने से शंका स्वाभाविक है। उन्होंने चुनाव आयोग की गतिविधियों से बार-बार संदेह पैदा होने पर निराशा जताई। गुजरात का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि वहां भारत निर्वाचन आयोग की बजाए राज्य निर्वाचन आयोग की ईवीएम मशीनें चुनाव हेतु पहुंच गई थीं। उन्होंने मतदान के एक्जैक्ट आंकड़े दिए जाने की मांग का भी समर्थन किया।

वरिष्ठ पत्रकार जयश्री पिंगले ने कहा कि इतना विलम्ब क्यों हुआ, यह जानने के लिए ग्यारह दिनों की स्क्रिप्ट सामने आनी चाहिए। चुनाव आयोग पर सवाल पूरे लोकतंत्र पर सवाल है। आज इलेक्शन कमीशन की वर्किंग दयनीय अवस्था में पहुंच गई है। राजनीतिक विश्लेषक गिरीश मालवीय ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने हर जगह समय बचाया है, लेकिन चुनाव आयोग ने इस युग में अभूतपूर्व देरी की है।

# सात वर्षीय बालक से किया गलत काम

**परिजन का आरोप- बच्चे के साथ गलत काम कर गुप्तांग में कांटे चुभा दिए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** जिले के मृगवास इलाके में मासूम के साथ गलत काम करने का मामला सामने आया है। यहां एक 7 साल के बालक के साथ 55 वर्षीय अधेड़ और दो नाबालिगों द्वारा गलत काम करने के आरोप उसके माता पिता ने लगाए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने ने लगातार दो दिन दुष्कर्म किया और उसके गुप्तांग में कांटे भर दिए। बताया जा रहा है कि दूसरा और तीसरा आरोपी भी नाबालिग है। पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया। यह मामला गुना जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 7 वर्षीय बालक के साथ दो दिन लगातार दुष्कर्म और उसके साथ क्रूरता करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को गुना एसपी से शिकायत करने आए 7 वर्षीय मासूम नाबालिग और उसकी मां ने बताया कि गांव के ही रहने वाले एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने 6 मई को बालक के साथ दुष्कर्म किया था। अगले ही दिन गांव के दो अन्य नाबालिगों ने भी मासूम के साथ गलत काम किया।

उसके साथ दुष्कर्म किया और क्रूरता करते हुए उसके गुप्तांगों में कांटे छेद दिए। दर्द से तड़प रहे बालक की हालत देखकर मां ने पूछताछ की, जिसके बाद बालक ने पूरी वारदात का ब्यौरा दिया। जिसे सुनकर माता-पिता के पैरों के नीचे जमीन खिसक गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मृगवास पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया है। मेडीकल भी नहीं कराया गया। वहीं इस मामले में मृगवास थाना प्रभारी रक बुंदेल सिंह सुनेरिया ने बताया कि बालक के माता पिता थाने आए थे। उन्होंने बताया था कि गांव के ही दो बालकों ने खेल खेल में पहले उसे जमीन पर घसीटा और उसके गुप्तांग में कांटा चुभा दिया। उन्होंने किसी भी 55 वर्षीय व्यक्ति की बात नहीं बताई थी। वो हर बार अलग कहानी बता रहे हैं। फिर भी मामले को दिखवा लेते हैं।

# जीतू पटवारी बोले- बीजेपी सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई

**कहा- इस बार भी आप वोट डालने जाए तो गैस सिलेंडर के पैर छूकर जाए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई 10 साल पहले भाजपा ने कहा था बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार तब गैस सिलेंडर 400 रुपए का था। उसी समय यह कहा गया था कि वोट डालने जाने से पहले गैस सिलेंडर के पैर छूकर जाना और आज मैं भी वही बात कह रहा हूं कि इस बार भी आप वोट डालने जाए तो गैस सिलेंडर के पैर छूकर जाए।

यह बात मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नीमच में कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप सिंह गुर्जर के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए कही। पटवारी ने भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता पिछले दो कार्यकाल को निष्क्रिय बताया क्षेत्र कि अनदेखी का आरोप लगाया।

पटवारी ने सभा के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के समर्थन में वोट करने की अपील की और पार्टी कार्यकताओं से कांग्रेस का पांच सूत्री मेनिफेस्टो घर-घर तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस कर यह पांच वादे लोगों के घर तक पहुंचा दिए तो कांग्रेस पार्टी जरूर जीत जाएगी।

इसके पूर्व पटवारी तय समय से करीब डेढ़ घंटा देरी से नीमच पहुंचे। जहां सभा स्थल भारत माता चोराहा पर कांग्रेस कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े और गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। पटवारी के साथ राजस्थान के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, सुसनेर विधायक भेरू सिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन तरुण बाहेती, समंदर पटेल सहित अन्य लोग मंच पर मौजूद रहे। सभा संपत्ति के बाद पटवारी ने भारत माता चौराहा सभा स्थल से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के समर्थन में पैदल जनसंपर्क भी किया।

बैंड बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ जनसंपर्क के करते समय लोगों ने भी पटवारी का फूल-माला पहनकर और पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। पटवारी ने पुस्तक बाजार, जाजू बिल्डिंग, सराफा, घंटाघर, नया बाजार, बारादरी क्षेत्र में जनसंपर्क किया। जिसके बाद में नीमच से रवाना हुए। जनसंपर्क के दौरान जीतू पटवारी एक होटल पर भी रुक गुलाब जामुन का भी लुत्फ उठाया और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर को अपने हाथों से गुलाब जामुन खिलाई और खुद भी खाए।

# 40 किलोमीटर प्रति-घंटे तेज रफ्तार में चली आंधी

**कई जगहों पर पेड़ उखड़े, कुछ ग्रामों में घरों को भी नुकसान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में शुक्रवार को भीषण गर्मी का दौर लगातार चलता रहा। हालांकि, शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और जिले में आने के स्थान पर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में दोपहर में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा गया जबकि शाम होते-होते आसमान पर काले घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ अनेक ग्रामों में तेज तो नगरीय क्षेत्र में रिमझिम बारिश दर्ज हुई।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के कारण शाम के समय अचानक मौसम का मिजाज बदला है अगले 48 घंटे मौसम शाम के समय ऐसा ही रहेगा। उसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि आज सीहोर जिले में शाम को 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली है। इधर, ग्रामीण क्षेत्र के निवासी एम एस मेवाड़ा ने बताया धनखेड़ी में एक मकान आंधी से क्षतिग्रस्त हो गया है। वही ग्राम छापरी में राकेश मेवाड़ा के मकान के ऊपर पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया है।

# पूर्व महामंडलेश्वर मंदाकिनी पर एक और एफआईआर

**जयपुर के महामंडलेश्वर ने लगाया 9 लाख रुपए ऐंठने का आरोप; आचार्य बनाने का दिया था झांसा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। उज्जैन में निरंजनी अखाड़े से निष्कासित पूर्व महामंडलेश्वर मंदाकिनी उर्फ ममता जोशी पर एक और एफआईआर दर्ज की गई है। यह नया मामला निरंजनी अखाड़े के ही जयपुर निवासी महामंडलेश्वर नर्मदाशंकर ने दर्ज कराया है। उनका कहना है कि मंदाकिनी ने आचार्य महामंडलेश्वर बनाने का झांसा देकर 8 लाख 90 हजार रुपए लिए थे। ये राशि उन्होंने पिछले सात महीने में अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन ट्रांसफर की।

**गृहमंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा के नाम का भी दे चुकी झांसा**

इधर, महंत सुरेश्वरानंद पुरी महाराज के सामने आने के बाद कई लोग अब मंदाकिनी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से करीबी संबंधों का हवाला देकर ठगी के जाल में महामंडलेश्वर सुमन भाई को भी फंसाने की कोशिश की। यहां तक कि अमित शाह से बोलकर राज्यपाल बनाने का लालच भी दिया था। वहीं, एक महिला साध्वी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का करीबी बताकर गो संवर्धन बोर्ड का अध्यक्ष बनाने का झांसा दिया।

महामंडलेश्वर नर्मदाशंकर ने शुक्रवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज को इस बारे में बताया। इसके बाद महाकाल थाने में धोखाधड़ी की एफआइआर दर्ज कराई। मंदाकिनी पर धोखाधड़ी का यह दूसरा केस दर्ज किया गया है।

इससे पहले निरंजनी अखाड़े के ही महंत सुरेश्वरानंद पुरी महाराज ने 6 मई की रात चिमनगंज थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को बताया था, महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी उर्फ ममता जोशी ने श्रीपंचायती निरंजनी अखाड़े में महामंडलेश्वर की उपाधि दिलवाने की बात कही थी। इसके एवज में 15 अप्रैल 2024 को मैंने मंदाकिनी को साढ़े सात लाख रुपए दिए थे। अखाड़ा मुख्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि रुपए लेकर उपाधि नहीं दी जाती। इसके बाद मैंने रकम वापस मांगी। मंदाकिनी ने रुपए देने से मना कर दिया।

उपाधि दिलाने के लिए पैसे लेने का मामला सामने आने के बाद मंदाकिनी को अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद मंदाकिनी ने 7 मई की सुबह 11 बजे कीटनाशक पीकर सुसाइड की कोशिश की। वे फिलहाल जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। वे किसी को पहचान नहीं पा रही हैं, इस कारण पुलिस उनके बयान नहीं ले सकी है।

**जयपुर के संत को दिया आचार्य महामंडलेश्वर बनाने का झांसा**

जयपुर के रहने वाले महामंडलेश्वर नर्मदाशंकर शुक्रवार दोपहर उज्जैन पहुंचे। उन्होंने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी से मुलाकात की। कहा, द्य31 मार्च 2023 को उज्जैन में आश्रम के नागचंद्रेश्वर धाम में महामंडलेश्वर की उपाधि मिली थी। उस दौरान करीब ढाई लाख रुपए खर्च हुए थे। इसमें टेंट, खाने-पीने आदि की जानकारी दी गई थी।

**फिर दिया आचार्य महामंडलेश्वर बनाने का झांसा**

महामंडलेश्वर नर्मदाशंकर ने बताया, महामंडलेश्वर की उपाधि मिलने के कुछ दिन बाद मंदाकिनी ने मुझे फोन पर अखाड़े का आचार्य महामंडलेश्वर बनाने का प्रलोभन दिया। बताया कि अखाड़े में प्रमोशन हो जाएगा। करीब 10 से 12 लाख रुपए लगेंगे। मैंने उनको बताया कि मैं निजी स्कूल के शिक्षक से संत बना। मेरे पास इतने रुपए नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब जैसे आते जाएं, रुपए भेज देना। ऐसे करते हुए मैंने पिछले 7 महीने में 8 लाख 90 हजार रुपए मंदाकिनी के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इस दौरान मंदाकिनी ने दूसरे के अकाउंट नंबर भी दिए, लेकिन मैंने ट्रांसफर करने से मना कर दिया। कभी 50, तो कभी 20 हजार तो करीब 40 हजार रुपए ट्रांसफर किए।

# युवक की डंडे से पीट-पीटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया। दतिया में युवक की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके सिर पर बाट भी मारा। युवक 8 महीने पहले ही मर्डर के आरोप में जेल से रिहा हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद आटे खरीदने को लेकर हुआ था। हालांकि, अभी कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस ने तीन सगे भाइयों पर हत्या का केस दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो फरार हैं। वारदात शुक्रवार सुबह भांडेर के काजीपाठा की है। यहां रहने वाला भगवान सिंह यादव (40) सुबह चिरगांव रोड स्थित बाबूलाल की चक्की पर आटा खरीदने पहुंचा था। इसी बीच उसका तीनों भाइयों से विवाद हो गया।**

इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। 18 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि आशीष



नाम के शख्स ने भगवान सिंह के सिर पर डंडे से वार किया। भगवान सिंह नीचे गिर गया। आरोपी उस पर लगातार वार करता रहा। वह तब तक भगवान सिंह को पीटता रहा, जब तक उसकी सांसें थम नहीं गईं।

प्रत्यक्षदर्शी अमित यादव ने बताया कि अशोक रजक और अरविंद रजक ने भगवान सिंह के हाथ पकड़े थे। आशीष रजक ने पहले सिर पर डंडे से वार किया। इसके बाद सिर पर दो बार तौलने वाला बाट दे मारा।

**भगवान सिंह पर कई केस दर्ज थे**

भांडेर एसडीओपी कर्णिक श्रीवास्तव ने बताया कि आशीष को गिरफ्तार किया जा चुका है। अशोक और अरविंद फरार हैं। पुलिस आशीष से पूछताछ कर उनकी पतासाजी कर रही है।

पुलिस ने बताया कि भगवान सिंह पर हत्या सहित कई केस दर्ज थे। हत्या के मामले में वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। वह 15 अगस्त 2023 को जेल से रिहा हुआ था।

# पिपरिया नपा अध्यक्ष पति समेत 10 को 7 साल की जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** जिले के पिपरिया में गेहूं खरीदी में हुए भ्रष्टाचार के मामले में नपाध्यक्ष पति और विधायक प्रतिनिधि समेत 10 लोगों को सात साल की सजा सुनाई गई है। सजा पाने वालों में शाखा प्रबंधक और तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मामला 10 साल पुराना है। फैसला शुक्रवार को पिपरिया सेशन कोर्ट ने सुनाया।

**इन लोगों को सुनाई सजा-** सजा पाने वालों में राजेंद्र दुबे शाखा प्रबंधक, नवनीत सिंह नागपाल (डब्लू) (वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष नीना नागपाल पति), अजय कुमार महेश्वरी, सतीश कुमार जायसवाल, हेमराज चौधरी, राघव सिंह, जगदीश अग्रवाल और तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

## संपादकीय

# सरकार के लिए चिंता का विषय

*आइसीएमआर की तहत काम करने वाली संस्था राष्ट्रीय पोषण संस्थान यानी एनआइएन ने आहार संबंधी विवरण पेश करते हुए सत्रह ऐसे खाद्य पदार्थों की सूची जारी की है, जिनसे परहेज करके बीमारियों से दूर रहा और स्वास्थ्यकर जीवन बिताया जा सकता है। निश्चय ही इससे लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ सतर्कता बढ़ेगी। पिछले कुछ दशक में जीवन-शैली संबंधी बीमारियां सरकार के लिए चिंता का विषय बनती गई हैं। स्वास्थ्य और आहार विशेष निरंतर लोगों से अपनी जीवन-शैली में बदलाव लाने, आहार संबंधी सतर्कता बरतने का आह्वान करते रहे हैं, मगर उसका अपेक्षित असर नहीं देखा जाता। खासकर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की खानपान संबंधी आदतें बदली हैं, उससे कई नई तरह की बीमारियां पैदा हो रही हैं।स्वास्थ्य संबंधी इन नई समस्याओं की गिरफ्त में बच्चों और युवाओं को अधिक देखा जा रहा है। मोटापा और मधुमेह अब युवाओं के बीच आम समस्या की तरह उभरे हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद यानी आइसीएमआर ने अपनी एक रपट में खुलासा किया है कि 56.4 फीसद बीमारियां अस्वास्थ्यकर खानपान की वजह से होती हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खासकर शहरी और कस्बाई जीवन में खानपान की आदतें बहुत तेजी से बदली हैं। जबसे डिब्बाबंद और बने-बनाए भोज्य पदार्थों का बाजार बढ़ा है, तबसे खानेपीने के पारंपरिक नियम-कायदे छिन्न-भिन्न होने लगे हैं। बच्चों और युवाओं की जीभ पर बाजार का स्वाद अपना राज करने लगा है। इसमें लोग भूल ही गए हैं कि क्या खाना सेहत की दृष्टि से उचित है और क्या अनुचित। खानेपीने का कोई तय समय भी नहीं रह गया है। इस तरह युवाओं के चयापचय पर बुरा असर पड़ा है, जिसका नतीजा उनमें बढ़ता मोटापा और उनके हृदय पर बढ़ता बोझ है। बहुत सारे कसरत करने वाले युवा, बिना सोचे-समझे प्रोटीन की खुराक लेते हैं, यह उनकी सेहत पर बहुत बुरा असर डाल रहा है। इसे लेकर आइसीएमआर ने आगाह किया है। यह निश्चय ही चिंता का विषय है कि आधे से अधिक लोगों में बीमारियां केवल गलत खानपान की आदतों की वजह से पैदा हो रही हैं। इसके लिए जनजागरूकता बढ़ाना जरूरी है।*




अपनी नासमझी की वजह से शेखचिल्ली कई सारी नौकरियों से हाथ धो बैठा था। कुछ समय बाद शेखचिल्ली को अपने पास की ही एक दुकान में काम मिल गया। उसे रोज दुकानदार कुछ सामान दूसरी जगह पर पहुंचाने को कहता था। इसी तरह एक दिन दुकानदार ने शेख को एक नमक की बोरी देकर किसी अन्य गांव पहुंचाने के लिए कहा।

शेख भी खुशी-खुशी अपने सिर पर बोरी लादकर आगे की ओर बढ़ने लगा। उस रास्ते में एक नदी पड़ती थी। उसे पार करते समय अचानक नमक की बोरी नदी में गिर गई। किसी तरह से शेख ने नदी से बोरी को निकाला और फिर से सिर पर लाद लिया।

पानी में बोरी के गिरने की वजह से काफी नमक पिघल गया था, इसलिए शेख को बोरी हल्की लगने लगी। भार कम होने की वजह से शेख तेजी से वहां पहुंच गया, जहां उसे जाना था। नमक की बोरी को उस जगह पर छोड़कर शेख वापस दुकान पर लौटने लगा।

इधर, शेख ने जिस जगह बोरी पहुंचाई थी वहां से दुकानदार तक यह संदेश पहुंच गया कि बोरी हल्की थी। उधर, शेख जैसे ही दुकान वापस पहुंचा, तो उसके मालिक ने बोरी के वजन के बारे में पूछा। शेख ने सारी घटना उसे बता दी। दुकानदार ने इसे शेख से अनजाने में हुई गलती समझकर माफ कर दिया और उसे दूसरे कामों पर लगा दिया।

कुछ दिनों बाद शेख को दुकानदार ने रूई की बोरी लेकर उसी पते पर भेजा जहां वो नमक लेकर गया था। शेख ने तुरंत रूई की बोरी उठाई और आगे को बढ़ने लगा। रूई की बोरी थी तो हल्की, लेकिन शेख के दिमाग में नमक की बोरी के हल्के होने वाली बात घूम रही थी।

यही सोचते हुए शेखचिल्ली उस नदी के पास पहुंच गया, जहां नमक की बोरी गिरी थी। शेख के मन में हुआ कि नमक की बोरी यहां गिरने से हल्की हो गई थी, तो क्यों न इस नदी में इस रूई की बोरी को भी गिरा दिया जाए। इसी सोच के साथ शेख ने रूई की बोरी को नदी में गिरा दिया और फिर कुछ देर बाद उसे उठाने की कोशिश करने लगा।

तबतक रूई ने काफी सारा पानी सोख लिया था और वो हल्की बोरी भारी हो गई। किसी तरह से शेख ने उस भारी बोरी को कंधों पर लादा और उसी पते पर पहुंच गया, जहां नमक ले गया था। इस बार बोरी भारी देखकर उस व्यक्ति ने दोबारा दुकानदार तक यह बात पहुंचा दी।

अब जैसे ही शेख दुकान में पहुंचा, तो मालिक ने उससे पूछा कि आज बोरी भारी कैसे हो गई। शेख ने कहा, "मालिक आज दोबारा बोरी पानी में गिर गई थी।"

दुकानदार समझ गया कि शेखचिल्ली इस बोरी को भी नमक की बोरी की तरह हल्की करना चाहता था, इसलिए जानबूझकर बोरी को पानी में डाला होगा।

इस बात से नाराज होकर दुकानदार ने शेखचिल्ली को अपनी दुकान से निकाल दिया और दोबारा शेखचिल्ली की नौकरी चली गई।

### कहानी से सीख :

कामचोरी करने की कोशिश करने वालों का काम बढ़ जाता है। साथ ही हर परिस्थिति में एक ही नियम लागू नहीं होता है, इसलिए एक बार बोरी गिरकर हल्की हो गई और दूसरी बार भारी।

## चित्र में रंग भरो



Uttarpradesh

# मां को मारी गोली, हथौड़े से ली पत्नी की जान, 3 बच्चों को छत से फेंका, 5 कत्ल के बाद सनकी युवक ने की खुदकुशी!

**सीतापुर, (एजेंसी)** यूपी के सीतापुर में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत से हड़कंप मच गया है. रिपोर्ट के मुताबिक युवक ने मां, पत्नी और बच्चों की निर्मम हत्या कर दी. आरोपी ने अपनी मां की गोली मारकर हत्या कर दी जबकि पत्नी की हथौड़े से मारकर जान ले ली. घटना मथुरा थाना क्षेत्र के पल्हापुर गांव की है.

इसके बाद आरोपी ने अपने 3 बच्चों को छत से नीचे फेंक दिया जिससे उनकी भी मौत हो गई. परिवार के पांच लोगों की हत्या के बाद आरोपी ने खुद को गोलीमार कर खुदकुशी कर ली. शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी नशेड़ी था और मानसिक रूप से परेशान रहता था.



पाल्हापुर में किसान वीरेंद्र सिंह के बेटे अनुराग सिंह ने बीती रात इस हत्याकांड को अंजाम दिया. मानसिक रूप से विक्षिप्त अनुराग सिंह ने मां सावित्री देवी (62), पत्नी वीरेंद्र सिंह, पत्नी प्रियंका सिंह (40), बेटी आष्वी (12) बेटा अनुराग और बेटी आरना (08) की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं आदविक (04) ने इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया. घटना को अंजाम देने के बाद अनुराग सिंह (45) ने खुद भी आत्महत्या कर ली. सुबह घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया. वहीं इस घटना को लेकर सीतापुर के एसएसपी चक्रेश मिश्रा ने कहा, 'आज मथुरा में रामपुर पुलिस को सूचना मिली कि मानसिक रूप से बीमार एक व्यक्ति, जिसका नाम अनुराग सिंह (उम्र- 45 वर्ष) है, उसने कथित तौर पर खुद को गोली मारने से पहले अपने परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी है.

Uttarpradesh

## शादी से पहले हादसा, डीसीएम ने कार में टक्कर मारी; दूल्हे समेत चार लोग लोग जिंदा जले

**झांसी, (एजेंसी)** यूपी के झांसी-कानपुर हाईवे पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात लेकर जा रहे एक दूल्हे की कार में डीसीएम ट्रक से टक्कर के बाद आग लग गई। इसमें दूल्हा समेत चार लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मारे गए लोगों में दूल्हा आकाश अहिरवार (उम्र 25 साल), दूल्हे का सगा भाई आशीष अहिरवार, भतीजा मयांक (उम्र 4 साल) और कार का ड्राइवर जयकरन उर्फ भगत शामिल हैं। वहीं दो लोगों रवि अहिरवार और रमेश को बचा लिया गया। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसा झांसी के बड़ा गांव थाना क्षेत्र के पारीछा ओवर ब्रिज के पास हुआ। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहे डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। बताया जा रहा है डीसीएम अचानक से बेकाबू होकर लहराते हुए कार से टकराया और उस पर चढ़ गया। इसमें कार और डीसीएम दोनों में आग लग गई। झांसी के एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव में रहने वाले आकाश अहिरवार की 10 मई दिन शुक्रवार को शादी थी। बारात बड़ा गांव थाना क्षेत्र के छपार गांव के लिए निकली थी। कार जब बड़ा गांव थाना क्षेत्र में कानपुर हाईवे स्थित पारीछा ओवर ब्रिज के पास पहुंची तो पीछे से आ रही डीसीएम गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद कार और डीसीएम में आग लग गई। हादसे के बाद डीसीएम का ड्राइवर फरार हो गया। आग की लपटों के बीच घिरी का कार में लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास से राहगीर वहां जुट गए। उनमें से किसी ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसी दौरान पीछे से रिश्तेदारों की गाड़ी भी वहां पहुंच गई। उन्होंने किसी तरह जलती कार के कांच तोड़कर दो लोगों को बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहीं दूल्हे आकाश, भाई आशीष, भतीजे ऐशू और ड्राइवर भगत की जिंदा जलकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

Noida

## नोएडा में कुत्ते के साथ बर्बरता... हत्या कर हाईराइज बिल्डिंग की 15वीं मंजिल से नीचे फेंक दिया

**नोएडा, (एजेंसी)** यूपी के नोएडा में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक कुत्ते को मारकर क्षत-विक्षत हालत में हाईराइज बिल्डिंग की 15वीं मंजिल से फेंक दिया गया. लोगों ने देखा तो सोसायटी में हड़कंप मच गया. मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. एजेंसी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार को नोएडा एक्सटेंशन के बिसरख पुलिस थाना क्षेत्र में हुई. यहां सेक्टर 16बी में अजनारा होम्स में कुत्ते को मारकर फेंका गया. पुलिस का कहना है कि सोसायटी में रहने वाली कीर्ति वर्मा ने इस मामले की शिकायत की थी. शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई. नोएडा पुलिस से की गई शिकायत में कहा गया है कि फीमेल डॉग का क्षत-विक्षत शव गुरुवार सुबह एक रेजीडेंशियल टॉवर के पास मिला. कुत्ते को टॉवर की 15वीं मंजिल से फेंका गया था. शिकायत करने वाली कीर्ति वर्मा ने कहा कि उन्हें संदेह है कि सोसायटी में रहने वाले कुछ लोग जो आवारा जानवरों को खाना खिलाने का विरोध करते हैं, वही इस कृत्य के पीछे हो सकते हैं.

New Delhi

## 2 मौतें, 23 लोग जख्मी और कई पेड़ उखड़े, दिल्ली में रात को आए तूफान ने मचाया कोहराम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में शुक्रवार की शाम को धूल भरी आंधी-तूफान और बारिश देखी गई, जिसकी वजह से दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में पेड़ गिर गए. तेज हवाओं से गिरे पेड़ की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और अलग-अलग हादसों में 23 लोग घायल हो गए. वहीं दिल्ली पुलिस को पेड़ उखाड़ने से संबंधित 152 कॉल, इमारतों की क्षति से संबंधित 55 कॉल और बिजली कटने से संबंधित 202 कॉल दर्ज किए गए.

दिल्ली और आसपास के इलाकों में कल शुक्रवार की रात धूल भरी आंधी चलने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में मौसम में बदलाव महसूस किया गया. तेज आंधी की वजह से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई, जिसकी चपेट में आने से 17 लोग घायल हो गए और पेड़ गिरने से 6 लोग घायल हो गए. शुक्रवार शाम आई आंधी के दौरान दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम में कुल 409 कॉल रिकार्ड की गई हैं. वहीं दिल्ली-एनसीआर में पेड़ गिरने की वजह से कई इलाकों में यातायात भी प्रभावित हुआ और कुछ राजधानी के कुछ हिस्सों में तो इमारत और पेड़ गिरने से कारें भी क्षतिग्रस्त हो गई. दिल्ली में मौसम के इस अचानक हुए बदलाव से अलग अलग हादसों में दो लोगो की जान चली गई, जबकि 23 लोग घायल हो गए हैं. घायल मरीजों का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है. दिल्ली में मौसम बदलने के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर इंडिया की नौ उड़ानों को डायवर्ट कर दिया गया. मौसम बदलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. वहीं दिल्ली में आज भी धूल भरी आंधी और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है.

खेल

# पाकिस्तान को ले डूबी कप्तान बाबर आजम की स्लो बैटिंग, 17 साल बाद आयरलैंड ने चटाई धूल

**डबलिन, (एजेंसी)** पाकिस्तान के टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारी को तगड़ा झटका लगा है। आयरलैंड दौरे पर पाकिस्तान को टी20 सीरीज के पहले मैच में हार मिली है। डबलिन में खेले गए तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले को मेजबान आयरलैंड ने 5 विकेट से अपने नाम कर लिया। 2007 के बाद पहली बार आयरलैंड ने पाकिस्तान को हराया था। तब वर्ल्ड कप के मुकाबले में आयरलैंड ने जीत हासिल की थी। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 182 रन बनाए। आयरलैंड ने एक गेंद रहते 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।




पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और दूसरे ओवर में मोहम्मद रिजवान रन आउट हो गए। बाबर आमज तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे। पावरप्ले में पाकिस्तान की टीम 38 रन ही बना सकी। इसमें बाबर का योगदान 19 गेंदों पर 15 रन का था। पाकिस्तान के कप्तान ने 39 गेंदों पर अपना 35वां अर्धशतक लगाया। सइम आयूब के दूसरे विकेट के लिए बाबर ने 85 रनों की साझेदारी बनाई। आयूब ने 29 गेंदों पर 45 रनों का योगदान दिया। वह 15वें ओवर में 43 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए।

मध्यक्रम में फखर जमान ने 18 गेंदों पर 20 रनों की पारी खेली। आजम खान और शादाब खान खाता तक नहीं खोल सके। इफ्तिखार अहमद ने 15 गेंदों पर 37 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को 182 रनों तक पहुंचा दिया। शहीन अफरीदी ने भी 8 गेंदों पर 14 रन बनाए। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान ने 31 रन बनाए। आयरलैंड के लिए क्रेग यंग ने दो विकेट लिए।

आयरलैंड की शुरुआत भी खराब रही। पॉल स्टर्लिंग 8 और फिर टकर 4 रन बनाकर आउट हो गए। 27 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद एंड्रयू बलबिरनी और हैरी टेकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी हुई। 27 गेंद पर 36 रन बनाकर टेकर इमाद वसीम का शिकार बने। बलबिरनी ने अर्धशतक लगाकर एक छोर संभाले रखा। डॉकरेल ने 12 गेंदों पर 24 रनों का योगदान दिया। 19वें ओवर में बलबिरनी 55 गेंद पर 77 रनों की पारी खेलकर आउट हुए।

आखिरी ओवर में आयरलैंड को 11 रन चाहिए थे। पहले ही गेंद पर अब्बास अफरीदी के खिलाफ कर्टिस कैम्पर ने चौका मारा। तीसरे गेंद पर दो रन और चौथे गेंद पर चौका मारकर उन्होंने मैच बराबर कर दिया। 5वीं गेंद पर लेग बाई के रन ने आयरलैंड को ऐतिहासिक जीत दिला दी।

सिनेमा

## आशुतोष राणा का भाषण देते डीपफेक वीडियो वायरल, बोले- ये माया युद्ध हम रामायण से लड़ रहे, रावण के कई अवतार थे



एक्टर आशुतोष राणा अपनी हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरीज़ 'मर्डर इन माहिम' के प्रचार में व्यस्त हैं। उन्होंने एआई के अधिक इस्तेमाल पर चर्चा की। हाल ही में उनका भारतीय जनता पार्टी को प्रमोट करने के लिए कविता पढ़ने का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इंटरव्यू में एक्टर ने इसी बात पर चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस प्रकार की गतिविधियों के लिए एआई के इस्तेमाल को लेकर बेहद चिंतित हैं और इसे समाज और मानव जाति के लिए खतरे के रूप में देखते हैं।

हाल ही में 'इंडिया टुडे' से बातचीत के दौरान ने एआई के इस्तेमाल के बारे में बात की। उन्होंने शेयर किया, 'यह कोई नई बात नहीं है। यह 'माया युद्ध' है और हम इसे रामायण के दिनों से लड़ रहे हैं। याद रखें कि कैसे लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच लड़ाई के दौरान, रावण के बेटे के कई अवतार देखे गए थे? यह आसपास रहा है सदियों से लेकिन हम इसे अभी देख रहे हैं। किसी को इस बात से सावधान रहने की जरूरत है कि चीजें कैसे हो सकती हैं।'

## Highlights

1. **PM Modi calls INC 'anti-Hindu', says it doesn't care about country**
2. **Dust storm and rain in Delhi, many flights diverted**
3. **Weather forecast predicts cyclonic activity in multiple regions**
4. **Woman dances with gun in middle of highway in Lucknow for Insta reel; police respond to video**
5. **Delhi Court charges Brij Bhushan Singh in sexual harassment case**
6. **Muslims donate land to build Temple road in Jammu and Kashmir**
7. **Kejriwal to start poll campaign today, to hold roadshows in Delhi**

# Elon Musk wants this Tesla network to expand after firing employees making it

**NEW DElHI, (Agency).** Elon Musk touted plans to expand Tesla Inc.'s Supercharger network just over a week after firing almost all of the roughly 500 people who ran the business.

Tesla will spend "well over" $500 million on growing its network this year, Musk said on X, the social media network he owns. Ten days ago, the automaker's chief executive officer wrote that Tesla planned to add chargers at a slower pace and focus more on uptime and existing locations.



Musk hasn't offered specifics on how the charging business will operate after he dismissed its senior director and virtually everyone working under her late last month. The move came as a shock both to customers and other carmakers that are starting to use its plugs. Executives for manufacturers that signed agreements just last year to access Tesla's Superchargers say they've been unable to reach representatives for the Austin-based company.

Tesla shares fell as much as 2.4% as of 11:30 a.m. Friday in New York. The stock has declined more than 30% this year.

While Tesla provides quarterly updates on the number of Supercharger stations and connectors, it hasn't regularly shared information on how much it's spent on the network. It's unclear how the more than $500 million expense Musk referred to compares to past investment. He didn't respond to an emailed request for comment.

The head of BP Plc's electric-vehicle charging business in the US told Bloomberg this week that the oil major was eager to step in and work with any real estate partners that Tesla may have abandoned. Blink Charging Co. CEO Brendan Jones also said Thursday that the company was poised to take advantage of its competitor pulling back.

Musk's turnabout is reminiscent of when he abruptly announced in early 2019 that Tesla would close most of its stores and shift sales almost completely online. Ten days later — after landlords refused to let the company out of its leases — Musk backtracked and announced Tesla would raise vehicle prices.

# Go Digit IPO: Virat Kohli, Anushka Sharma to get 271% return. Their profit will be...

**NEW DElHI, (Agency).** Virat Kohli and Anushka Sharma are set to get a 271% return following the listing of insurance startup Go Digit next week. At the upper band of ₹278, the couple's total investment of ₹2.5 crore will turn to ₹9.25 crore- notional profit of ₹6.75 crore. Virat Kohli had bought 266,667 shares at a per unit price of ₹75 each through a private placement in January 2020 with which his total investment was around ₹2 crore in the company.

Meanwhile Anushka Sharma had also invested ₹50 lakh by buying 66,667 shares of the company at ₹75 per share.



At the upper price band, the value of her investment would be around ₹1.85 crore.

In the grey market, Go Digit IPO shares are already commanding a premium of around ₹50 or 18% against the offer price of ₹258-272.

Go Digit IPO details

Go Digit IPO comprises a fresh issue of shares worth ₹1,125 crore and an offer for sale (OFS) of 54,766,392 shares. Investors can make bids for a maximum of 55 equity shares and in multiples of 55 shares thereafter. In the IPO, 75% has been reserved for QIB (qualified institutional buyers), 15% for non-institutional investors and the remaining 10% for retail investors.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक